'यूनिवर्सिटी वॉल पेंटिंग' प्रतियोगिता में टीएचडीसी रहा प्रथम

■ महिला प्रौद्योगिकी संस्थान की टीमों को मिला दूसरा व तीसरा स्थान ■ प्रथम स्थान प्राप्त विजेता टीम को दिये बतौर पुरस्कार रूपये 7500 ■ दूसरे स्थान पर रही टीम को 6000 व तीसरे स्थान पर रही टीम को 5000 का पुरस्कार

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की और से निर्धारित 17 सतत विकास के लक्ष्यों की थीम्स पर आधारित इण्टर-कॉलेजिएट 'युनिवर्सिटी वॉल पेंटिंग' प्रतियोगिता का आयोजन वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल (यूटीयू) की और से किया गया। प्रतियोगिता में कुल 7 टीमों ने प्रतिभाग किया।

वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विजेता टीम-टीएचडीसी हाईड्रो इंजीनियनिरंग संस्थान टिहरी की रही जिनकी थीम 'जल के नीचे जीवन' पर आधारित रही है जिसमें सिमरन रावत, अंशिका गुप्ता, मयंक व मानस रावत प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम के सदस्य रहे है जिन्हें संयुक्त रूप से रूपये 7500 की नगद धनरा. शि व प्रत्येक सदस्य को प्रतियोगिता में पोजिशन पर आधारित सर्टिफिकेट भी वितरित किये गये।

वहीं प्रतियोगिता में 'सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा' वाली थीम पर वॉल पेंटिंग बनाने वाली महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून की टीम ने पेंटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस थीम पर वॉल पेंटिंग बनाने में एहसास तिवारी, आकांक्षा बगियाल, बुशरा परवीन व भूमिका पाण्डेय टीम की सदस्य रही हैं।

वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता के तीसरे स्थान पर भी महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून की छात्राओं की टीम ने ही कबजा किया है। ''शांति, न्याय और मजबूत संस्थाएं' वाली थीम पर आधारित वॉल पेंटिंग बनने में महिला प्रौद्योगिकी संस्थान की छात्राएं अलवीना शाह, ईशा तिवारी, मनीषा व अनीशा रावत टीम की सदस्य रही हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को बतौर मुख्य अतिथि नगद धनराशि व सर्टिफिकेट्स वितरित किये।

इस अवसर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सत्येन्द्र सिंह, वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह जंतवाल, परीक्षा नियंत्रक सहित प्रतियोगिता के जज-डॉ. एसके चौहान, डॉ. वीके पटेल, डॉ. महक पाठक व कार्यक्रम समन्वयक गणेश खण्डूरी व प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अंशिका गर्ग व नीतू प्रजापति सहित प्रतिभागी टीमों के छात्र-छात्राएं उपस्थिति रहे।